**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4894**

**01.04.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# भारतीयों को निकालने हेतु मानदंड

**4894. श्री दिव्येन्दु अधिकारी:**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास वर्तमान में विदेश में रह रहे भारतीयों की संख्या का कोई आंकड़ा है;

(ख) क्या सरकार भारतीय पासपोर्ट धारक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय कर रही है;

(ग) यदि हां, तो पीआईओ को छोड़कर नौकरी और शिक्षा के उद्देश्य से विदेश में रह रहे भारतीय पासपोर्ट धारकों का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या किसी आपात स्थिति के दौरान भारतीय पासपोर्ट धारकों को निकालने हेतु विदेशों के साथ कोई द्विपक्षीय निकासी मानदंड और नवाचार अस्तित्व में है; और

(ङ) यदि हां, तो हाल ही में कजाकिस्तान, यूक्रेन और रूस में फंसे भारतीयों को निकालने का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री वी.मुरलीधरन)**

(क) और (ग) मंत्रालय के पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार विदेशों में रहने वाले भारतीयों (एनआरआई) की कुल अनुमानित संख्या 1.345 करोड़ है। हमारे मिशनों से प्राप्त विवरण के अनुसार विदेश में रहने वाले भारतीय पासपोर्ट धारकों का देश-वार विवरण अनुबंध-**I** में दिया गया है ।

(ख) विदेशों में रहने वाले भारतीय पासपोर्ट धारकों की संरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। विदेश में भारतीयों से संबंधित किसी भी मुद्दे को मिशनों/केंद्रों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है। मिशन/केंद्र अनिवासी भारतीयों की संरक्षा और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उनके लिए ओपन हाउस आयोजित करते हैं। साथ ही, प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के लिए इन मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाता है और जहां कहीं आवश्यक हो मेजबान सरकार के साथ इन्हें उठाया जाता है। इसके अलावा, मंत्रालय हमारे कामगारों के कल्याण और उनमें जागरूकता पैदा करने के लिए सुरक्षित और वैध प्रवास पर जागरूकता संबंधी कार्यशालाओं का

आयोजन करता है। विदेशों में प्रवास करने से पहले श्रमिकों को एक 'प्रस्थान-पूर्व अभिविन्यास प्रशिक्षण' (पीडीओटी) प्रदान किया जाता है। संभावित प्रवासियों के लिए एक पीडीओटी मैनुअल भी तैयार किया गया है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं में इसका अनुवाद शामिल है। दूरदराज के क्षेत्रों की महिलाओं और संभावित प्रवासियों तक पहुंच बनाने के लिए ऑनलाइन पीडीओटी भी शुरू किया गया है। 'प्रवासी भारतीय बीमा योजना' (पीबीबीवाई) श्रमिकों के लिए बीमा प्रदान करती है। कुछ अन्य पहलें जैसे मदद पोर्टल, भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ), ई-माइग्रेट पोर्टल, प्रवासी भारतीय सहायता केंद्र (पीबीएसके), आदि एनआरआई को सहायता प्राप्त करने और उनकी शिकायतों को दूर करने तथा उनकी संरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करती हैं। शिकायतों को विभिन्न चैनलों जैसे कॉल, वॉक-इन, ई-मेल, ट्विटर, व्हाट्सएप, 24x7 हेल्पलाइन और मिशनों/केंद्रों के अन्य सोशल मीडिया एकाउंट के माध्यम से भी पंजीकृत किया जाता है और उनका उत्तर दिया जाता है। इसके अलावा, महामारी को देखते हुए लगाए गए प्रतिबंध के कारण विभिन्न देशों में फंसे भारतीय नागरिकों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए 'वंदे भारत मिशन' शुरू किया गया। हाल ही में, 'ऑपरेशन गंगा' के तहत, सरकार ने भारतीय नागरिकों को निकाला, जिनमें अधिकतर यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में फंसे छात्र थे। ऐसे संकटों के दौरान, विदेश स्थित हमारे मिशन/केंद्र संकटग्रस्त/फंसे हुए भारतीय नागरिकों को भोजन, आश्रय, दवा उपलब्ध कराने और उन्हें भारत वापस लाने में सक्रिय रूप से सहायता करते हैं।

(घ) और (ङ) प्रत्येक निकासी मिशन स्थानीय सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए पूरा किया जाता है। युद्ध क्षेत्रों से हमारे नागरिकों को निकालने का सबसे कुशल और सुरक्षित तरीका सुनिश्चित करने के लिए सरकार मेजबान सरकार के साथ-साथ पड़ोसी देशों का सहयोग प्राप्त करती है। **'ऑपरेशन** गंगा' के तहत लगभग 22,500 भारतीय नागरिकों को यूक्रेन से निकाला गया, जिनमें अधिकतर छात्र थे।

***

**अनुबंध-I**

**मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, प्रवासी भारतीयों की अनुमानित संख्या निम्नलिखित है:**

| क्रमांक | देश | अनिवासी भारतीय (एनआरआई) |
|---|---|---|
| 1 | अफ़ग़ानिस्तान | 3087 |
| 2 | अल्बानिया | 50 |
| 3 | एल्जीरिया | 5700 |
| 4 | एंडोरा | 50 |
| 5 | अंगोला | 2500 |
| 6 | एंगुइला | 30 |
| 7 | अंकारा | 1278 |
| 8 | एंटीगुआ और बारबुडा | 220 |
| 9 | अर्जेंटीना | 800 |
| 10 | आर्मीनिया | 1477 |
| 1 1 | अरूबा | 600 |
| 12 | ऑस्ट्रेलिया | 241000 |
| 13 | ऑस्ट्रिया और मोंटेनेग्रो | 13000 |
| 14 | अज़रबैजान | 953 |
| 15 | बहामास | 250 |
| 16 | बहरीन | 323292 |
| 17 | बांग्लादेश | 10385 |
| 18 | बारबाडोस | 600 |
| 19 | बेलारूस | 854 |
| 20 | बेल्जियम | 12386 |
| 21 | बेलीज़ | 300 |
| 22 | बेनिन | 1563 |
| 23 | भूटान | 60000 |
| 24 | बोलीविया | 50 |
| 25 | बोनेयर और लघु द्वीप | 54 |
| 26 | बोस्निया और हर्जेगोविना | 20 |
| 27 | बोत्सवाना | 9000 |
| 28 | ब्राज़िल | 4729 |
| 29 | ब्रिटिश वर्जिन आइसलैण्ड्स | 50 |
| 30 | ब्रुनेई दारुस्सलाम | 11500 |
| 31 | बुल्गारिया | 250 |
| 32 | बुर्किना फासो | 200 |

| | | |
|---|---|---|
| 33 | बुरून्दी | 465 |
| 34 | कंबोडिया | 1500 |
| 35 | कैमरून | 800 |
| 36 | कनाडा | 178410 |
| 37 | केप वर्डे द्वीप समूह | 20 |
| 38 | केमैन द्वीप समूह | 1500 |
| 39 | मध्य अफ्रीकी गणराज्य | 100 |
| 40 | चाड | 120 |
| 41 | चिली | 1530 |
| 42 | चीन | 55500 |
| 43 | चीन (हांगकांग) | 31569 |
| 44 | चीन (ताइवान के प्रतिनिधि) | 3068 |
| 45 | कोलंबिया | 450 |
| 46 | कोमोरोस | 30 |
| 47 | कांगो (लोकतांत्रिक गणराज्य) | 10000 |
| 48 | कांगो (गणराज्य) | 590 |
| 49 | कुक आइलैंड | 5 |
| 50 | कोस्टा रिका | 1011 |
| 51 | कोटे डी आइवर (आइवरी कोस्ट) | 1500 |
| 52 | क्रोएशिया | 82 |
| 53 | क्यूबा | 600 |
| 54 | कुराकाओ | 700 |
| 55 | साइप्रस | 7254 |
| 56 | चेक गणराज्य | 4590 |
| 57 | डेनमार्क | 12685 |
| 58 | जिबूती | 500 |
| 59 | डोमिनिका (राष्ट्रमंडल) | 15 |
| 60 | डोमिनिका गणराज्य | 100 |
| 61 | ईस्ट तिमोर | 100 |
| 62 | इक्वेडोर | 300 |
| 63 | मिस्र | 3950 |
| 64 | एल साल्वाडोर | 14 |
| 65 | इक्वेटोरियल गिनी | 250 |
| 66 | इरिट्रिया | 300 |
| 67 | एस्तोनिया | 741 |
| 68 | इथियोपिया | 5500 |

| | | |
|---|---|---|
| 69 | फ़िजी | 1400 |
| 70 | फिनलैंड | 5652 |
| 71 | फ्रांस | 19000 |
| 72 | फ्रांस (रीयूनियन द्वीप) | 300 |
| 73 | फ्रांस (ग्वाडेलोप,<br>मार्टीनिक, सेंट मार्टिन) | 420 |
| 74 | गैबॉन | 1100 |
| 75 | गाम्बिया | 700 |
| 76 | जॉर्जिया | 3192 |
| 77 | जर्मनी | 1,42,585 |
| 78 | घाना | 10000 |
| 79 | यूनान | 12300 |
| 80 | ग्रेनेडा | 200 |
| 81 | ग्वाटेमाला | 50 |
| 82 | गिनी (गणराज्य) | 700 |
| 83 | गिनी बिसाऊ | 100 |
| 84 | गुयाना | 600 |
| 85 | हैती | 580 |
| 86 | होली सी | ना |
| 87 | होंडुरस | 15 |
| 88 | हंगरी | 1026 |
| 89 | आइसलैंड | 257 |
| 90 | इंडोनेशिया | 8500 |
| 91 | ईरान | 4000 |
| 92 | इराक | 18000 |
| 93 | आयरलैंड | 15000 |
| 94 | इजराइल | 12467 |
| 95 | इटली | 157695 |
| 96 | जमैका | 5000 |
| 97 | जापान | 37933 |
| 98 | जॉर्डन | 20569 |
| 99 | कजाखस्तान | 6785 |
| 100 | केन्या | 20000 |
| 101 | किरिबाती | 0 |
| 102 | कोरिया (डीपीआर) | 15 |
| 103 | कोरिया (गणराज्य) | 13236 |

| | | |
|---|---|---|
| 104 | कुवैत | 1028274 |
| 105 | किर्गिज़स्तान | 11200 |
| 106 | लाओस, पीडीआर | 450 |
| 107 | लातविया | 760 |
| 108 | लेबनान | 8500 |
| 109 | लेसोथो (अधिराज्य) | 1500 |
| 110 | लाइबेरिया | 1500 |
| 111 | लीबिया | 1500 |
| 112 | लिकटेंस्टीन (प्रिंसिपैलिटी) | 5 |
| 113 | लिथुआनिया | 1000 |
| 114 | लक्समबर्ग | 2331 |
| 115 | मैसेडोनिया | 7 |
| 116 | मेडागास्कर | 2500 |
| 117 | मलेशिया | 227950 |
| 118 | मलावी | 2500 |
| 119 | मालदीव | 25000 |
| 120 | माली | 436 |
| 121 | माल्टा | 4850 |
| 122 | मार्शल आइलैंड्स (गणराज्य) | 14 |
| 123 | मॉरिटानिया | 150 |
| 124 | मॉरीशस | 10500 |
| 125 | मेक्सिको | 6000 |
| 126 | माइक्रोनेशिया | 35 |
| 127 | मोलदोवा | 600 |
| 128 | मोनाको | 30 |
| 129 | मंगोलिया | 150 |
| 130 | मोंटेसेराट | 40 |
| 131 | मोरक्को | 250 |
| 132 | मोजाम्बिक | 2300 |
| 133 | म्यांमार | 9207 |
| 134 | नामिबिया | 200 |
| 135 | नाउरू | 20 |
| 136 | नेपाल | 600000 |
| 137 | नीदरलैंड | 40000 |
| 138 | नीदरलैंड एंटिलीस | 2581 |
| 139 | न्यूज़ीलैंड | 80000 |

| | | |
|---|---|---|
| 140 | निकारागुआ | 39 |
| 141 | नाइजर | 150 |
| 142 | नाइजीरिया | 40000 |
| 143 | नियू | 9 |
| 144 | नॉर्वे | 8732 |
| 145 | ओमान | 779351 |
| 146 | पाकिस्तान | 0 |
| 147 | पलाऊ (गणराज्य) | 27 |
| 148 | फिलिस्तीन (पीएलओ) | 20 |
| 149 | पनामा | 4000 |
| 150 | पापुआ न्यू गिनी | 2900 |
| 151 | पराग्वे | 200 |
| 152 | पेरू | 399 |
| 153 | फिलीपींस | 105000 |
| 154 | पोलैंड | 10162 |
| 155 | पुर्तगाल | 11393 |
| 156 | कतर | 745775 |
| 157 | रोमानिया | 1741 |
| 158 | रूसी संघ | 21354 |
| 159 | रवांडा | 2940 |
| 160 | समोआ | 21 |
| 161 | सैन मारिनो | 0 |
| 162 | साओ टोम और प्रिंसिपे (गणराज्य) | 50 |
| 163 | सऊदी अरब (किंगडम) | 2592166 |
| 164 | सेनेगल | 500 |
| 165 | सर्बिया | 303 |
| 166 | सेशल्स | 5200 |
| 167 | सियरा लिओन | 900 |
| 168 | सिंगापुर | 350000 |
| 169 | स्लोवाक गणराज्य | 500 |
| 170 | स्लोवेनिया | 126 |
| 171 | सोलोमन द्वीप समूह | 50 |
| 172 | सोमालिया | 100 |
| 173 | दक्षिण अफ्रीका | 60000 |
| 174 | स्पेन | 49084 |
| 175 | श्रीलंका | 14000 |

| | | |
|---|---|---|
| 176 | सेंट किट्स एंड नेविस | 500 |
| 177 | सेंट लूसिया | 550 |
| 178 | सेंट मार्टिन | 2171 |
| 179 | सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस | 50 |
| 180 | सूडान | 1500 |
| 181 | दक्षिण सूडान | 1100 |
| 182 | सूरीनाम | 205 |
| 183 | स्वाजीलैंड | 1000 |
| 184 | स्वीडन | 15349 |
| 185 | स्विट्ज़रलैंड | 17403 |
| 186 | सीरिया | 94 |
| 187 | ताजिकिस्तान | 1500 |
| 188 | तंजानिया | 10000 |
| 189 | थाईलैंड | 20000 |
| 190 | टोगो | 500 |
| 191 | टोंगा | 6 |
| 192 | ट्रिनिडाड और टोबैगो | 1800 |
| 193 | ट्यूनीशिया | 121 |
| 194 | तुर्की | 1609 |
| 195 | तुर्कमेनिस्तान | 240 |
| 196 | तुर्क और कैकोस द्वीपसमूह | 200 |
| 197 | तुवालू | 0 |
| 198 | युगांडा | 23500 |
| 199 | यूक्रेन* | - |
| 200 | संयुक्त अरब अमीरात | 3419875 |
| 201 | यूके | 351000 |
| 202 | अमेरीका | 1280000 |
| 203 | उरुग्वे | 570 |
| 204 | उज़्बेकिस्तान | 350 |
| 205 | वानुअतु | 10 |
| 206 | वेनेजुएला | 50 |
| 207 | वियतनाम | 5000 |
| 208 | यमन | 500 |
| 209 | जाम्बिया | 6000 |
| 210 | जिम्बाब्वे | 500 |
| | **कुल** | **13451654** |

*        लगभग 22,500 भारतीय नागरिकों को यूक्रेन से निकाला गया है।

***